हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

13 एसडीएम ने सुनीं 50 से ज्यादा समस्याएं...



14 श्रावण माह में 23 वर्ष बाद बन रहा नाग पंचमी ...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING — 2 Years GNM Pass
GNM — 3 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
ANM — 2 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING — 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933

मसाला चाय
सागर
STRONG Tea
ब्लैक डायमंड
REQUIRED : SALES PERSON
Mob: 92152-43212

### वार्ड-27 के लोग दो साल से परेशान, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान : पार्षद

# पेयजल संकट को लेकर सड़कों पर उतरे लोग, नारेबाजी कर जताया रोष



भिवानी। निदेशक से मिलने जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गर्मी के बीच भिवानी शहर की विभिन्न कॉलोनियों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पानी की किल्लत से तंग आकर वीरवार को वार्ड-27 स्थित चूहड़ सिंह की बाजारी, कितान पाना, मुरारीलाल की गली, ढ्गयान गली, मोड्यान गली के निवासी एकत्रित होकर सड़कों पर उतर आए। आक्रोशित लोगों ने वार्ड-27 के पार्षद गोविंदराम शर्मा उर्फ बिल्लू बादशाह के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया तथा जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से पीने के पानी की किल्लत की समस्या से जूझने के बावजूद संबंधित विभाग और जिला प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। पार्षद गोविंदराम शर्मा उर्फ बिल्लू बादशाह ने बताया कि उनके वार्ड के उपरोक्त क्षेत्रों में पिछले दो साल से पेयजल की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते क्षेत्रवासी खासे परेशान हैं।

**उनके वार्ड में होने वाली पेयजल सप्लाई महम रोड जलघर से हटाकर डाबकर कॉलोनी जलघर से जोड़ी जाए: पार्षद**



भिवानी। पानी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में कई-कई सप्ताह तक पानी की आपूर्ति नहीं होती। पानी की बूंद-बूंद के लिए मोहल्ले के लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। पार्षद ने कहा कि उनके क्षेत्र में पानी महम रोड स्थित पुराने जलघर से सप्लाई होती है। लेकिन पिछले करीबन दो साल से उनके क्षेत्र के हिस्से का पानी महम रोड पर नई बस्ती तथा जिला कारागार में सप्लाई में किया जाता है। जिसके चलते क्षेत्रवासी पानी की गंभीर समस्या का सामना कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए वे कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायतें कर चुके है, लेकिन हर बार केवल खोखले आश्वासन ही मिले। अधिकांश समय में पानी की सप्लाई ही नहीं आती। अगर आती है तो सीवरयुक्त पानी की सप्लाई पहुंच रही है। जो न तो पीने लायक है और न ही अन्य किसी कार्य में प्रयोग करने के लायक होता।

**डाबर जलघर से नहीं जोड़ा**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीते दिनों चीफ इंजीनियर चंडीगढ़ जसवंत सिंह नरवाल ने भी पेयजल समस्या के समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए थे, लेकिन इसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। उस वक्त उन्होंने भरोसा दिलाया था कि एक माह के भीतर पुराने जलघर से हटाकर डाबर स्थित जलघर के साथ जोड़ दिया जाएगा,लेकिन डेढ़ माह से ज्यादा का वक्त बीत गया,लेकिन अभी उनकी लाइन को डाबर जलघर से नहीं जोड़ा गया है। जिससे वैसी की वैसी समस्या बनी हुई है।

पार्षद बिल्लू बादशाह ने हैरानी जताते हुए बताया कि शहर में पेयजल की कोई कमी नहीं है। वे स्वयं पुराने जलघर में जाकर मुआयना करते हैं तथा देखते है कि जलघर के सभी टैंक भरे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी शहर में पेयजल की सप्लाई नहीं की जा रही। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आमजन की समस्याओं से मुंह फेरे बैठे हैं। उन्होंने मांग की कि उनके वार्ड में होने वाली पेयजल सप्लाई महम रोड जलघर से हटाकर डाबकर कॉलोनी जलघर से जोड़ी जाए।

## मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन का प्रतिनिधिमंडल मिला निदेशक से, विभिन्न मांगों व मुद्दों पर चर्चा

**भिवानी।** मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की वीरवार को पंचकूला में मौलिक शिक्षा निदेशक के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में वर्कर्स की लंबे समय से लंबित मांगों जैसे मानदेय में बढ़ोतरी, ड्रेस भत्ते में वृद्धि, और सेवानिवृत्ति पर वित्तीय लाभ देने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मीटिंग में मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन की राज्य प्रधान राजबाला भिवानी, महासचिव कुसुम पांचाल पानीपत व राज्य के सलाहकार हेड मास्टर सुबे सिंह भी शामिल रहे। ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) के भिवानी जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने मौलिक शिक्षा निदेशक के समक्ष वर्कस्र की समस्याओं को मजबूती से रखा। बासिया ने बताया कि बैठक के दौरान जब मानदेय बढ़ाने की मांग रखी गई, तो निदेशक ने स्पष्ट किया कि मानदेय में वृद्धि का अंतिम फैसला सरकार के स्तर पर होता है, हालांकि केंद्र सरकार भी इस पर विचार कर रही है। वर्षों से मिल रहे मात्र 600 के ड्रेस भत्ते पर, जिसमें सिलाई भी संभव नहीं है, निदेशक ने आश्वस्त किया कि इसे बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से सिफारिश भेजी जा चुकी है। इसके अलावा, अन्य स्कीम वर्कर्स की तर्ज पर मिड डे मील कुक को भी रिटायरमेंट पर वित्तीय सहायता देने के मुद्दे पर निदेशक ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए सिफारिश करने का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि बैठक में वर्कर्स की सुरक्षा और उनके सम्मान को लेकर भी सख्त फैसले लिए गए। जिसमें बदले की भावना से हटाई गई यूनियन की राज्य महासचिव कुसुम पांचाल समेत अन्य वर्कर्स के मामलों की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया है।

**यूनियन की राज्य महासचिव कुसुम पांचाल समेत अन्य वर्कर्स के मामलों की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया**

## खबर संक्षेप

### चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तोशाम।** थाना पुलिस ने घर में चोरी के मामले में गांव खानक निवासी अमित को गिरफ्तार किया है। महिला की शिकायत पर दर्ज केस में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। उसके कब्जे से चोरी किया गया चांदी का कड़ा और एक जोड़ी पाजेब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ पहले भी चोरी का मामला दर्ज है।

### 40.61 ग्राम स्मैक सहित युवक गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ द्वितीय ने रेलवे स्टेशन रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए हालू मोहल्ला निवासी अमृत को 40.61 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी पुराना तोशाम फाटक रेलवे पुल के पास स्मैक बेचने की फिराक में खड़ा है। टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे काबू किया और नियमानुसार तलाशी में स्मैक बरामद की।

### एसी कंप्रेसर चोरी मामले में जांच तेज

**बवानीखेड़ा।** चार दुकानों से एसी कंप्रेसर चोरी होने के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। थाना पुलिस के साथ सीआईए और गुप्तचर विभाग की टीमें भी जांच में जुटी हैं। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध एक कार में कंप्रेसर ले जाते दिखाई दिए हैं। पुलिस वाहन और आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी ने जल्द खुलासे का दावा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### छात्रा लापता, पुलिस ने तलाश शुरू की

**लोहारू।** उपमंडल के एक गांव से 20 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार युवती बिना बताए घर से कहीं चली गई और काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है तथा छात्रा की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी है।

## 2 से 15 सितंबर तक होगा परीक्षा पास कर चुके युवाओं का फिजिकल, मेडिकल स्क्रीनिंग

**भिवानी।** भीम स्टेडियम में दो से 15 सितंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली प्रक्रिया होगी, जिसमें कॉमन परीक्षा पास कर चुके युवा भाग लेंगे। भर्ती रैली को लेकर स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम महेश कुमार ने की। इस दौरान सेना भर्ती निदेशक कर्नल के संदीप ने बताया कि इस भर्ती रैली में वे युवा शामिल होंगे, जो अपनी कॉमन परीक्षा पास कर चुके हैं। भिवानी में अग्रिवीर जनरल ड्यूटी, अग्रिवीर टेक्रिकल और अग्रिवीर ट्रेडमेन भर्ती होंगे, जिसमें टीडीएन- 8 और टीडीएन-10 हैं। परीक्षा पास चुके युवाओं का फिजिकल और उसके बाद मेडिकल स्क्रीनिंग होगा। भर्ती के दौरान स्टेडिमय में केवल अधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश होगा। बैठक में कर्नल गंदर्भ ठाकुर, मेजर मजहुल मोहम्मद, सूबेदार मेजर सेलवाज और नगराधीश अनिल कुमार भी मौजूद रहे। एसडीएम महेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग को भर्ती स्थल पर एम्बुलेंस, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आईटी से संबंधित व्यवस्थाओं के लिए 2 लैपटॉप, 40 कंप्यूटरों के माध्यम से डेटा फीडिंग तथा हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

■ **एसडीएम ने अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक**

## परमार ने किया बीटीएम और आईटीआई का औचक निरीक्षण

*हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने मजदूर महिलाओं और छात्राओं से बात कर जानी उनकी समस्याएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने गुरुवार को शहर में बीटीएम मील और राजकीय आईटीआई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मील में काम करने वाली मजदूर महिलाओं से बात की। वहीं उन्होंने आईटीआई में छात्राओं से बात कर उनके शिक्षण कार्य और परेशानियों के बारे में पूछा। बीटीएम में निरीक्षण के दौरान मीना परमार ने यहां पर आंतरिक शिकायत कमेटी के गठन व उसके कार्य करने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विशेषकर मजदूर महिलाओं से बात करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग महिलाओं के साथ खड़ा है। महिलाओं के साथ अत्याचार या शोषण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कार्यस्थल पर उनके साथ किसी प्रकार का गलत व्यवहार होता है तो वे आयोग के पास शिकायत भेज सकते हैं। आयोग द्वारा शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा। उन्होंने महिलाओं से कहा कि उनको किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है। वे बिना किसी हिचक के आयोग के पास अपनी शिकायत रख सकती हैं। वहीं दूसरी ओर उन्होंने राजकीय आईटीआई का भी औचक निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य को चेक किया। उन्होंने छात्राओं की परेशानी के बारे में जानकारी ली। वहीं उन्होंने आईटीआई प्रशासन को निर्देश दिए कि संस्थान के शौचालयों की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। छात्राओं को पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर से अंजू और बाल विवाह निषेध अधिकारी हरबंस कौर भी मौजूद रहीं।



भिवानी। निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जिला स्तरीय ओबीसी कार्यकर्ता सम्मेलन दो को

**चरखी दादरी।** जिला कांग्रेस कमेटी दादरी के अध्यक्ष सुशील ने बताया कि दो अगस्त रविवार को सुबह 11 बजे स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला में जिला स्तरीय ओबीसी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में आदमपुर के विधायक एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के चेयरमैन चंद्रप्रकाश उपस्थित रहेंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। सुशील ने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी जिला कार्यकारिणी सदस्यों, वरिष्ठ नेताओं, पूर्व विधायकों, पूर्व प्रत्याशियों, ब्लॉक अध्यक्षों से पहुंचने की अपील की है।

## 'सरक रही' है कॉलेजों में दाखिले की 'सूची की तारीख'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

न जाने किस वजह से कॉलेजों में यूजी क्लासों में दाखिले की पहली सूची लगातार आगे सरक रही है। पहले 27 जुलाई को फिर 29 को और अब 4 अगस्त को यूजी क्लासों में दाखिले की पहली सूची जारी करने की प्रस्तावित तिथि तय की गई है।

**अब चार अगस्त को लगने की संभावना है पहली सूची**

लगातार तारीख आगे सरकाने के पीछे सीटों के हिसाब से बच्चों की संख्या कम व ज्यादा होना माना जा रहा है। हालांकि अभी इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है,लेकिन फिलहाल शिक्षाविद्ध इन्हीं कारणों को लेकर सूची में देरी होने को मान रहे है। अब कॉलेजों ने हायर एजुकेशन विभाग की इस प्रस्तावित तारीख के हिसाब से बच्चों के दाखिले का शैडयूल तय कर लिया है। उल्लेखनीय है कि मई माह में यूजी क्लासों में दाखिले का ऑन लाइन पंजीकरण के बाद 21 जुलाई को प्रोविजनल सूची तथा 22 जुलाई को पहली सूची जारी करने का फरमान जारी किया गया था। इसके लिए हायर एजुकेशन विभाग ने प्रोविजनल सूची जारी भी कर दी थी,लेकिन न जाने किस वजह से 22 जुलाई को पहली सूची जारी नहीं की गई। उस वक्त जारी शैडयूल के मुताबिक 23 जुलाई से चार अगस्त तक पहली सूची के हिसाब से बच्चों को फीस जमा करवाने के निर्देश दिए गए थे,लेकिन अगले ही दिन सूची जारी नहीं की गई। जिस वजह से दाखिले के इंतजार में बैठे विद्यार्थियों को मायूसी ही हाथ ली। उसके बाद हायर एजुकेशन विभाग की तरफ से पहले राऊंड की सूची 27 जुलाई को निकाले जाने का शैडयूल जारी किया गया,लेकिन उससे एक दिन पहले फिर से सूची का शैडयूल चेंज कर दिया गया। 29 जुलाई पहले राऊंड की सूची जारी करने का शैडयूल भेजा गया। पर इस दौरान फिर से पहले राऊंड की सूची के समय में फेरबदल कर दिया गया। अब चार अगस्त को पहले राऊंड की सूची जारी करने का शैडयूल भेजा है।



### सावन के पहले ही दिन झमाझम बरसे बादल, 20 एमएम बरसात

**लोहारू।** सावन माह के पहले ही दिन लोहारू व आसपास के इलाके में झमाझम बरसात हुई। लोहारू शहर में करीब 20 एमएम बरसात दर्ज की तथा चौधरी देवीलाल चौक पर फिर तालाब जैसे हालात नजर आए। वहीं दोपहर में खिली धूप के कारण लोगों को एक बार फिर उमस भरी गर्मी से परेशानी झेलनी पड़ी। लोगों का अनुमान है कि इस बार मानसून काफी कमजोर दिखाई दे रहा है। आसमान में घने बादल तो दिखाई देते हैं, लेकिन बरसात नही हो पा रही, जिसकारण इस बार उमस भरी गर्मी ने लोगों को बरसात से पहले ही काफी सताया है। गुरूवार सुबह हुई बरसात ने शहर की जलनिकासी व्यवस्था की भी पोल खोलकर रख दी। सूरजगढ़ रोड, रेस्ट हाउस के सामने, सब्जी मंडी और चौधरी देवीलाल चौक पर एक बार फिर लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा।

### अस्पताल संबंधी शिकायत की जांच 15 दिन में पूरी करने के निर्देश

# बैठक में सहकारिता मंत्री ने सुनीं जनशिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने जमीन धोखाधड़ी के मामलों में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला नगर योजनाकार, तहसीलदार और दूसरे जिले के डीएसपी स्तर के अधिकारी की संयुक्त समिति मामले की जांच करेगी तथा अगली बैठक में पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। समसपुर निवासी बाला देवी की शिकायत पर मंत्री ने जिले में अवैध जमीन खरीद-फरोख्त पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। विधायक सुनील सांगवान और उमेद पातुवास ने भी मामले की गंभीरता बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। मंत्री ने कहा कि पुलिस पर जनता का विश्वास कायम रहना चाहिए। बैठक में अस्पताल संबंधी शिकायत की जांच 15 दिन में पूरी करने, घसौला फीडर से दादरी तक बिजली लाइनों के तार बदलने आदि की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों पर भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।



भिवानी। बैठक में परिवाद सुनते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। साथ मौजूद हैं विधायक सुनील सांगवान व उमेद पातुवास। फोटो : हरिभूमि

**24 घंटे काम के लिए तैयार रहें: शर्मा**

बिजली को लेकर आई शिकायतों पर मंत्री ने कहा कि बिजली आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है, ऐसे में निगम के अधिकारी 24 घंटे काम के लिए तैयार रहें। ध्यान रखें कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के फोन बंद ना हों। उपभोक्ताओं के फोन उठाएं जाएं। कोई नागरिक परेशानी के समय ही फोन करता है। अगर कोताही मिलती है तो कार्रवाई होगी। बैठक में विधायक सुनील सतपाल सांगवान, उमेद पातुवास, उपायुक्त मनदीप कौर, पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी, जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## अंकुर भाकर ने कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा दादूनगरी स्थित अनाजमंडी प्रधान सुखबीर भाकर के होनहार पुत्र अंकुर भाकर ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 वर्ग की 75 किलोग्राम भार श्रेणी में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

खिलाड़ी के पिता सुखबीर भाकर ने बताया कि अंकुर ने सबसे पहले खंड स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। खंड स्तर पर शानदार जीत के बाद उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। 29 जुलाई को भिवानी में आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अंकुर ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सभी मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंकुर की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को पराजित किया। अंकुर भाकर की इस उपलब्धि पर परिजनों, कोच, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि अंकुर भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करेंगे। खेल प्रेमियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उचित मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करने की है। अंकुर भाकर की यह उपलब्धि युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरी है।



■ **अंडर-14 वर्ग की 75 किलोग्राम भार वर्ग में दिखाया दमखम**

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# जब दोस्त हैं साथ खुशियां हैं पास

हर बच्चे का कोई ना कोई दोस्त जरूर होता है। टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दोस्त बनाने में पीछे नहीं रहते। इनकी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है? इनका अपने फ्रेड्स के साथ बिताया कोई मेमोरेबल मोमेंट कौन-सा है? इस बार ये फ्रेंडशिप-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे? फ्रेंडशिप-डे के मौके पर इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का अपने सभी फ्रेंड्स को क्या मैसेज है, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

## फ्रेंड्स खुलकर जीने का मौका देते हैं उर्वा सवालिया



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में बाल अर्जुन की भूमिका में उर्वा सवालिया दर्शकों की खूब तारीफ बटोर रहा है। अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की इंपॉर्टेंस के बारे में उर्वा बताता है, 'मेरे फ्रेंड्स मुझे बिना किसी फिल्टर के हंसने और खुलकर जीने का मौका देते हैं। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है- बिना शर्त के एक-दूसरे का साथ देना और खूब मस्ती करना।' अपने फ्रेंड्स के साथ एक मेमोरेबल मोमेंट को याद करते हुए उर्वा बताता है, 'एक बार मेरा डांस परफॉर्मेंस था। मैं काफी नर्वस हो रहा था। मेरे पैरेंट्स के साथ मेरे फ्रेंड्स भी इस इवेंट में आए थे। उन्होंने चार्ट पेपर पर 'यू कैन डू इट!' लिखकर मेरा हौसला बढ़ाया। मैंने जमकर परफॉर्म किया। इससे मुझे फर्स्ट प्राइज मिला। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि जब दोस्त साथ हों, तो बड़े से बड़ा डर दूर भाग जाता है।'

इस फ्रेंडशिप-डे पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में उर्वा बताता है, 'इस बार मैंने अपने सभी क्लोज फ्रेंड्स के साथ 'नो मोबाइल, ओनली फन डे' प्लान किया है। हम सब मिलकर एक पार्क में जाएंगे, जहां कोई भी मोबाइल या आईपैड नहीं छुएगा। हम अपने पुराने खेल जैसे छुपन-छुपाई, खो-खो और पिट्ठू खेलेंगे। इसके अलावा, मैं अपने हाथों से सबके लिए कस्टमाइज्ड फ्रेंडशिप बैंड्स बना रहा हूं, जिसमें उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स होंगे।' फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए उर्वा का प्यारा सा मैसेज है, 'ऐसे हर दोस्त को दिल से शुक्रिया कहो, जो बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहता है। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## सच्ची दोस्ती का मतलब है एक-दूसरे का साथ देना भूमि रामोला



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली का रोल प्ले कर रही भूमि रामोला को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। भूमि की लाइफ में उसके फ्रेंड्स बहुत इंपॉर्टेंस रखते हैं। वह कहती है, 'मेरे लिए दोस्त भगवान का दिया सबसे प्यारा उपहार है। अपने फ्रेंड्स के साथ हंसना-खेलना और नई-नई बातें सीखना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरे लिए सच्ची दोस्ती का मतलब सिर्फ साथ खेलना नहीं, एक-दूसरे का साथ देना, एक-दूसरे की खुशियों में खुश होना और हमेशा अच्छे दोस्त बने रहना है।' अपना मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट शेयर करते हुए भूमि बताती है, 'मेरी स्कूल की दोस्त (नायरा) ने फ्रेंडशिप-डे पर अपने हाथों से मेरे लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाया था। वो मेरा पहला फ्रेंडशिप गिफ्ट था, इसलिए वो मोमेंट आज भी मेरे दिल के बहुत करीब है।'

इस बार फ्रेंडशिप-डे की प्लानिंग के बारे में भूमि बड़े उत्साह से बताती है, 'फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड दूंगी, उनके साथ खूब बातें करूंगी, गेम्स खेलूंगी और बहुत सारी मस्ती करूंगी। साथ ही मैं अपने हर दोस्त को दिल से 'थैंक यू' बोलूंगी, क्योंकि अच्छे दोस्त हर दिन को और ज्यादा खास बना देते हैं।'

फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने सभी फ्रेंड्स के लिए भूमि का मैसेज है, 'हमेशा सच्चे दोस्त बनो, एक-दूसरे की मदद करो, दोस्तों के साथ खूब हंसो, कुछ अच्छा सीखो और कभी किसी दोस्त का दिल मत दुखाओ। अपनी दोस्ती को हमेशा दिल से निभाओ। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहें अबान खान



**स्टार प्लस** के शो 'उड़ने की आशा' में अबान खान को लक्ष्य की भूमिका में खूब पसंद किया जा रहा है। अबान से पूछने पर कि तुम्हारी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है, वह मुस्कराते हुए जवाब देता है, 'जिंदगी में दोस्तों का होना बहुत जरूरी है। दोस्तों के साथ हम सिर्फ एंज्वॉय ही नहीं करते, अपने कामों में उनकी मदद भी लेते हैं। मेरे फ्रेंड्स तो नोट्स कंप्लीट कराने में मेरी हेल्प करते हैं। मेरे साथ क्रिकेट भी खेलते हैं। शो 'उड़ने की आशा' में मेरे साथ काम करने वाले पंखुरी और आर्या मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। हम लोग सेट पर भी खूब मस्ती करते हैं।'

अबान का अब तक का मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट कौन-सा था, वह याद करते हुए बताता है, 'एक बार ईद के दिन मैं मम्मी को बिना बताए अकेले अपने फ्रेंड्स के घर ईद मनाने चला गया था। मैंने दोस्तों के साथ खूब एंज्वॉय किया। उधर घर वाले मुझे ढूंढ़ रहे थे, परेशान हो रहे थे। जब मैं वापस घर गया तो मुझे डांट पड़ी कि त्योहार पर दोस्तों से मिलना अच्छी बात है, लेकिन घर वालों को पता होना चाहिए कि तुम कहां जा रहे हो?'

इस बार फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करने की क्या खास प्लानिंग है, पूछने बर अबान बताता है, 'मैं फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड जरूर करूंगा। उनके साथ क्रिकेट खेलूंगा और मूवी देखूंगा। फ्रेंडशिप-डे पर जब अपने शो की शूटिंग पर जाऊंगा तो मैं अपने सेट वाले दोस्तों के लिए भी चॉकलेट्स लेकर जाऊंगा।'

फ्रेंडशिप-डे के मौके पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए अबान का मैसेज है, 'अपने फ्रेंड्स की हमेशा हेल्प करें, उनके साथ एंज्वॉय करें और हमेशा उनसे कनेक्टेड रहें। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है हरिति जोशी



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा की भूमिका निभा रही हरिति जोशी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मन मोह रखा है। वह अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप को बहुत इंपॉर्टेंट मानती है। हरिति कहती है, 'दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है। फ्रेंड्स के साथ मैं खुलकर बोलती हूं, हंसती हूं, खेलती हूं, उनसे नई-नई बातें सीखती हूं। अच्छे दोस्त हर खुशी को और भी खास बना देते हैं। मुश्किल समय में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।'

फ्रेंड्स के साथ मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति चहकते हुए बताती है, 'वैसे तो दोस्तों के साथ का अपनी लाइफ का कोई खास मेमोरेबल मोमेंट याद नहीं आ रहा है, लेकिन मेरे लिए सबसे यादगार पल तब हो जाता है, जब 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' की शूटिंग के बीच हमें थोड़ा ब्रेक मिलता है, हम सब फ्रेंड्स मिलकर गेम खेलते हैं, खूब मस्ती करते हैं।' अबकी फ्रेंडशिप-डे पर हरिति की क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'इस बार फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करूंगी। अगर शूटिंग होगी तो वहीं सेट पर अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करूंगी। अगर छुट्टी मिली तो बाहर घूमने या साथ में कोई मजेदार एक्टिविटी करने का प्लान बनाऊंगी।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए हरिति का फ्रेंडशिप-डे पर स्पेशल मैसेज है, 'हमेशा अपने दोस्तों का साथ दें। दोस्ती सबसे खूबसूरत रिश्ता है, इसलिए इसे हमेशा प्यार और भरोसे के साथ निभाएं। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## मेहनत का महत्व बताती कहानियां



बच्चो, इस बार हम तुम्हें एक ऐसी पुस्तक के बारे में बता रहे हैं, जिसमें मेहनत के महत्व को समझाती चार कहानियां हैं। किशोर श्रीवास्तव द्वारा रचित इस पुस्तक का नाम है- मेहनत का फल। पुस्तक की पहली कहानी 'नाम नहीं काम बड़ा' में तुम पढ़ोगे कि बुद्धूमल के नाम को लेकर स्कूल में उसके दोस्त उसे चिढ़ाया करते थे। दोस्तों के चिढ़ाने से उसने अपनी क्लास में जाना ही छोड़ दिया। यह तो अच्छा हुआ कि उसे एक ऐसे साधु मिले, जिन्होंने नाम को लेकर उसकी आंखें खोल दी। जब बुद्धूमल अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाकर क्लास में अव्वल आया तो वह सभी का चहेता बन गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि नाम से बड़ा और महत्वपूर्ण काम होता है।

पुस्तक की शीर्षक कहानी 'मेहनत का फल' में एक घटना में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रोमू को बड़ी मुश्किल से स्कूल में प्रवेश मिला था, लेकिन उसने पैरों से लिखना सीखकर जब बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया तो उसकी सफलता के आगे सब नतमस्तक हो गए। तीसरी कहानी 'अपना घर सबसे प्यारा' में सोमू से जब उसकी मां ने घर में इस्तेमाल किए गए कप धोने के लिए कहा तो यह बात उसे बहुत बुरी लगी। उसने गुस्से में घर छोड़ दिया। भूख लगने पर जब उसे होटल में जूठे बर्तन धोने के लिए मजबूर होना पड़ा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह वापस अपने घर की ओर चल पड़ा।

किताब की अंतिम कहानी 'बुराई की हार' यह सिखाती है कि कभी भी झूठ बोलकर दूसरों के साथ धूर्तता नहीं करनी चाहिए। अगन, मगन, छगन और ठगन चारों मिलकर लोहे की मूर्ति को चांदी की बताकर लोगों को ठगा करते थे, लेकिन भोलाशंकर की चतुराई से उन सभी की पोल खुल गई और उन्हें कारावास की सजा मिली। *

**किताब:** मेहनत का फल (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** किशोर श्रीवास्तव, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** के. बी. एस. प्रकाशन, दिल्ली

## जीके क्विज-216



1. हाल में किस केंद्रीय मंत्री को शिक्षा मंत्रालय का भी दायित्व सौंपा गया है?
2. पिछले दिनों वाराणसी में स्थित किस धार्मिक स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया?
3. स्पेन में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में किस महिला भारोत्तोलक ने स्वर्ण पदक जीता?
4. इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
5. ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है?
6. प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
7. ऑक्सीजन का रासायनिक प्रतीक क्या होता है?
8. पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
9. देश के उपराष्ट्रपति संसद के किस सदन के सभापति होते हैं?
10. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-216 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-215 का उत्तर :** 1.स्पेन, 2.जेनिक सिनर, 3.विक्रम-1, 4.दिसपुर, 5.सी.पी. राधाकृष्णन, 6.विष्णुगुप्त/कौटिल्य, 7.मुंशी प्रेमचंद, 8.मध्य प्रदेश, 9.बाल गंगाधर तिलक, 10.26 जुलाई

**जीके क्विज-215 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, मिशा-रायपुर, कोमल-दुर्ग, राजन-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, उत्तम-भोपाल, शिखा-महासमुंद, तनुजा-महेंद्रगढ़, सुमन-बालोद

## दोस्तों की सुलह

तन्मय और मोनू बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन दोनों आपस में झगड़ पड़े। बातचीत बंद कर दी। अब एक दूसरे के साथ कोई खेलने वाला नहीं था। दोनों अकेले पड़ गए। तन्मय और मोनू को अपनी दोस्ती खूब याद आती। क्या दोनों में सुलह हो पाई? दोनों फिर से दोस्त बन पाए?



कहानी
सरस्वती रमेश



एआई इमेज

तन्मय और मोनू बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ खेलते, स्कूल जाते। एक दिन दोनों क्रिकेट खेल रहे थे। तन्मय ने बैटिंग करते समय बॉल इतनी जोर से मारी कि पता नहीं किधर चली गई। दोनों दोस्तों ने इधर-उधर चारों तरफ बॉल खोजी, लेकिन बॉल नहीं मिली। बॉल मोनू की थी। वह तन्मय से झगड़ने लगा, 'तुमने मेरी बॉल जानबूझकर जोर से मारकर खो दी। तुम मुझे मेरी बॉल कहीं से भी लाकर दो, चाहे बाजार से खरीद कर दो।'

'मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, जो मैं खरीद कर दूं।' तन्मय ने अपनी मजबूरी बताई।

'मुझे नहीं पता, कहीं से भी लाकर दो। नहीं तो मैं तुमसे कट्टी कर लूंगा।' मोनू तेज आवाज में बोला।

तन्मय भी चिढ़ गया, 'कट्टी करनी है तो कर ले।'

इस कहा-सुनी के बाद दोनों दोस्तों के बीच बोलचाल बंद हो गई। मोनू को देख तन्मय मुंह फेर लेता। मोनू का गुस्सा भी कोई कम नहीं था। वह भी तन्मय की अनदेखी करने लगा।

दोनों के बीच बातचीत बंद होने के बाद अब मोनू के साथ खेलने वाला कोई साथी ना था। शाम को पार्क में वह साइकिल अकेला ही चलाता। पहले तन्मय कभी-कभी उसकी साइकिल के पीछे-पीछे दौड़ लगाता था या फिर कभी-कभी मोनू की साइकिल के पीछे लगे कैरियर पर बैठ जाता। दोनों खूब मस्ती करते। अब अकेले साइकिल चलाने में मोनू को जरा भी मजा नहीं आता। उसे तन्मय की याद आती।

उधर तन्मय का भी मोनू के बिना मन नहीं लग रहा था। एक दिन उसने सोचा, आज जब पार्क में मोनू दिखेगा, उससे सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेगा। तन्मय पार्क जाकर मोनू का इंतजार करने लगा। काफी देर बीत गई, लेकिन मोनू ना आया। उदास होकर तन्मय घर वापस आ गया।

असल में उस दिन मोनू के पापा रिमोट से चलने वाली नई कार लेकर लाए थे। मोनू कार पाकर बहुत खुश था, लेकिन वह कार किसके साथ चलाए, उसे समझ में नहीं आ रहा था। उसका पक्का दोस्त तन्मय तो नाराज चल रहा था। मोनू ने अपनी परेशानी पापा को बताई। पापा ने कहा, 'बेटा, हम सबका कभी-कभी आपस में झगड़ा हो जाता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा समय तक नाराज रहना अच्छा नहीं।'

'पापा गलती तो तन्मय ने की। उसने मेरी बॉल क्यों खो दी।' मोनू बोला।

'कोई बात नहीं बेटा। मैं नई बॉल लाकर तुम्हें दे दूंगा। तुम जाओ और तन्मय से सुलह कर लो।' पापा ने मोनू का समझाया।

मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। वह अपनी रिमोट से चलने वाली कार लेकर तन्मय के घर चल दिया। रास्ते में उसने कप केक खरीद लिए। कप केक तन्मय को बहुत पसंद है। उसने सोचा, वह सॉरी बोलकर तन्मय को कप केक पकड़ा देगा। तन्मय खुश होकर उसे माफ कर देगा।

मोनू कप केक खरीद कर तन्मय के घर की ओर जा ही रहा था कि तभी दोनों दोस्त रास्ते में आमने-सामने टकरा गए। तन्मय को देखकर मोनू ने कहा, 'अरे तन्मय तुम यहां, मैं तो तुम्हारे घर जा रहा था।'

तन्मय ने खुश होकर कहा, 'मैं भी तुम्हारे घर जा रहा था, तुमसे माफी मांगने।'

'अच्छा! लेकिन अब माफी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अब मैं तुमसे बिल्कुल नाराज नहीं हूं।' यह कहते हुए मोनू ने झट से तन्मय को कप केक पकड़ा दिया। तन्मय कप केक पाकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने दोस्त मोनू को थैंक्स कहा। मोनू ने तन्मय को अपनी रिमोट वाली कार दिखाई और बोला, 'चलो दोस्त, हम अब साथ में कार चलाते हैं। दोबारा कभी आपस में न लड़ने का वादा करते हैं।'

तन्मय ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। दोनों दोस्त गले मिले और एक-दूसरे से प्रॉमिस किया- 'यह दोस्ती कभी नहीं तोड़ेंगे।' *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय

## सच्चे मित्र

जिनसे अपने मन मिलते हैं
भीतर नए फूल खिलते हैं
वे ही सच्चे मित्र हमारे।
जिनके साथ खुशी से रहते
अपने मन की बातें कहते
वे ही अच्छे मित्र हमारे।
जिनके साथ करें हम चैटिंग
जिनके साथ करें हम बैटिंग
वे ही सारे दोस्त हमारे।
जिनसे हों पढ़ने की बातें
काम मुसीबत में जो आते
वे ही प्यारे दोस्त हमारे।



## रंग भरो-207

**रंग भरो-207** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





मोक्षित, ब्यावर



आशना, जांजगीर



सार्थक, कोरबा



देवांश, महेंद्रगढ़



कुंजल, रायपुर



दिशा, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

दिव्या-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सान्वी-बिलासपुर, केतन-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रिया-जांजगीर, रेणु-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, शौर्य-गुना, पूजा-करनाल, हंसिका-बालोद

## रंग भरो 208




बच्चो, यहां बेस्ट-फ्रेंड्स टीना और मीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सोहासडा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों ने रखी शिकायतें

# एसडीएम ने सुनीं 50 से ज्यादा समस्याएं व समाधान के निर्देश

■ ग्रामीणों ने बिजली, गली निर्माण, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा आदि की शिकायतें रखीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू


लोहारू। रात्री ठहराव के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में बुधवार शाम को लोहारू उपमंडल के गांव सोहासडा में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का उनके घर-द्वार पर जाकर समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश कि वे समयबद्ध ढंग से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें। स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं के समाधान की समीक्षा करते हैं।

उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई 50 से अधिक समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी संजीव कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोमबीर कादयान, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद कुमार फौगाट व खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा भी मौजूद रहीं। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम दलाल के समक्ष बिजली, गली निर्माण, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, फैमिली आईडी में नाम दुरुस्त करवाने व आय कम करवाने, मकान की मरम्मत के लिए सहायता राशि दिलवाने, स्वामित्व योजना का लाभ दिलवाने, स्टेडियम में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने, सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी दिलवाने व राजस्व विभाग से संबंधित समस्याएं रखी। एसडीएम ने समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को समयबद्ध ढंग से समाधान किया जाए। समस्याओं के समाधान में नागरिक किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी में आय कम करवाने के लिए परिवार के सभी 18 साल से ऊपर के व्यक्तियों के बैंक खाते की स्टेटमेंट, पटवारी से प्लाट या जमीन की रिपोर्ट, प्राइवेट स्कूलों में पढने वाले बच्चों की फीस रसीद देनी जरूरी होती है। उसके बाद क्रीड द्वारा फिजिकल वेरिफिकेशन करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र में आय दुरुस्त करवाने या नाम की त्रुटि ठीक करवाने के लिए कुछ दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं, जो देने जरूरी होते हैं। उनके आधार पर कार्य किया जाता है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं

एसडीएम ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सरकार पारदर्शी ढंग से नागरिकों का लाभ दे रही है। इसके लिए योजनाओं को ऑनलाइन किया गया है। नागरिकों को घर बैठे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र लोग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को पगड़ी पहनाकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग, क्रीड, समाज कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, रेडक्रॉस, महिला एवं बाल विकास विभाग, बिजली निगम सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिला परिषद वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय जांगड़ा ने सभी अधिकारियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान जिला परिषद वाइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा, पंचायत समिति सदस्य महेन्द्र शेखावत, गांव के सरपंच राजकुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अमित कुमार, नायब तहसीलदार अंकित कुमार, कृषि अभियंता डा. नसीब सिंह धनखड़, तहसील कल्याण अधिकारी राजकुमार व मत्स्य अधिकारी बलबीर सिंह, जगदीश कोच,संतोष भारद्वाज, गौशाला प्रधान हीरालाल मिश्रा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग

# फॉगिंग करवाने व नाले की सफाई की समस्या पहुंची समाधान शिविर

■ शहर में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा : सुरेश सैनी

भिवानी। सैनी विचार मंच इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी ने समाधान शिविर में शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज कराते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

सुरेश सैनी ने कहा कि पूरे शहर में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने नगर परिषद से सभी वार्डों में नियमित रूप से फॉगिंग कराने तथा जहां-जहां बरसात का पानी जमा है, वहां तत्काल मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराने की मांग की, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने दादरी गेट -ढाणा रोड स्थित बरसाती नाले की सफाई करवाने तथा उसे ढकने की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि नाले में जमा गंदगी और खुले होने के कारण आसपास के क्षेत्रों में बदबू, मच्छरों की भरमार और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, जिससे स्थानीय नागरिकों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुरेश सैनी ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर वे पहले भी कई बार संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को शिकायत दे चुके हैं।

## 5 पुलिस कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर डीएसपी कार्यालय में विदाई समारोह



भिवानी। जिला कल्याण निरीक्षक नफे सिंह ने बताया कि पांच पुलिस कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मचारियों में निरीक्षक अशोक कुमार, जिन्होंने पुलिस विभाग को 36 वर्ष की सेवाएं दीं, निरीक्षक ओमपाल, जिन्होंने 36 वर्ष की सेवाएं दीं, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, जिन्होंने 37 वर्ष की सेवाएं दीं, उपनिरीक्षक तेलू राम, जिन्होंने 33 वर्ष की सेवाएं दीं तथा उप निरीक्षक जोगिंदर सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी क्राइम अनूप कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को फूलमाला पहनाकर, पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएसपी ने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल सरकारी सेवा का समापन है, जबकि समाज एवं विभाग के प्रति उनका अनुभव और योगदान सदैव प्रेरणादायक रहेगा।

## न्यूज डायरी

### जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई




भिवानी। एनीमल सिंपैथी आर्गेनाईजेशन (रजि) एवं महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट ने न्यू ऑटो मार्केटजागरूकता कार्यक्रम करवाया। ट्रस्ट के महासचिव विजय सिंहमार एवं उपाध्यक्ष रिंकू ख्यालीराम ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन व पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन पालका व अध्यक्ष सैनी ने उपस्थित सभी को जल एवं पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अपनाने के साथ समाजहित में कार्य करने की शपथ दिलाई।

### आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लगाए पौधे



तोशाम। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने श्रावण मास के प्रथम दिन उत्साह पूर्वक पौधरोपण किया और पौधे के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर मौजूद संस्था के चेयरमैन जगदीश चन्द्र मालवाल ने बच्चों को वृक्षों का महत्व बताया। मालवाल ने कहा कि वृक्षों से ही जीवन संभव है क्योंकि वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं ऑक्सीजन के बिना जीवन संभव नहीं है अतः हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। प्राचार्य भारत भूषण ने विद्यार्थियों को कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ इनके संरक्षण का उत्तरदायित्व भी हमें ही निभाना है। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह मालवाल, आरती शर्मा, लीना, सरिता मालवाल, राजेश और राममेहर आदि स्टाफ सदस्यों सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### गोकलपुरा में एसडीएम ने पाठशाला में लगाए पौधे



बहल। गोकलपुरा गांव में गुरुवार को वीर शहीद सूबेदार अमर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय और वीर शहीद रामकरण राजकीय प्राथमिक पाठशाला में पौधरोपण कर वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और ग्रामीणों व विद्यार्थियों से बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। पर्यावरण प्रेमी महावीर सिंह चहल ने कहा कि पेड़ धरती का वास्तविक श्रृंगार हैं। ये न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास भी हैं।

### बीएलजेएस कॉलेज में चलाया पौधरोपण अभियान



तोशाम। गुरुवार को तोशाम के बनवारी लाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, यूथ रेडक्रॉस, इको क्लब आदि के तत्वाधान में विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम चलाया गया। प्राचार्य श्याम वशिष्ठ ने कहा कि आज हम सभी एक ऐसे अभियान के साक्षी हैं, जो केवल वृक्षारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी संवेदनाओं और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का जीवंत प्रतीक है।

### पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक



बवानीखेड़ा। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, बवानी खेड़ा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीईओ सतेन्द्र सिंह, प्राचार्य दिनेश कुमार, विद्यालय मुखिया शारदा रानी, पूर्व एमसी पंकज महता, कृष्ण वाल्मीकि तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### शहीद उधम सिंह के नाम से रोपे 21 पौधे



भिवानी। अमर शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर वीरवार को गांव नांगल में अत्यंत प्रेरणादायक एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया। पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम देखने को मिला। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र सभ्रवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं युवाओं ने मिलकर गांव में 21 फलदार व छायादार पौधें रोपे और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पौधरोपण अभियान ने न केवल गांव के माहौल को हरियाली का संदेश दिया, बल्कि युवाओं में देश के वीर बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता की भावना भी जगाई।

### चौधरी बंसीलाल कॉलेज में 250 पौधे लगाए



लोहारू। गुरुवार को चौधरी बंसीलाल कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत करते हुए पौधरोपण किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में एसडीएम मनोज दलाल उपस्थित रहे। उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में 250 पौधें रोपित किए। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सुखबीर सिंह ने बताया कि निदेशालय के आदेशानुसार महाविद्यालय परिसर में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया। इस दौरान फलदार, औषधीय एवं फूलदार पौधे लगाए, जिनमें अमरूद, पपीता, अनार, जामुन, नीम, रात की रानी, कनेर, बेलपत्र सहित अनेक प्रजातियों के पौधें शामिल हैं।

### 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम का आयोजन




बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्राचार्य दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में समय समय पर पौधरोपण किया जाता है और बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करके अभियान चलाया जाता है।

# विशेषज्ञों ने बच्चों को दांतों की सही प्रकार से सफाई करने के तरीके बताए

■ वैश्य इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपस्थित शिक्षक।

वैश्य इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वीरवार को किया गया।

इस अवसर पर शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ. के. डी. शर्मा पूर्व सीएमओ सिविल हॉस्पिटल, भिवानी एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं संतुलित आहार अपनाने, पौष्टिक भोजन के महत्व तथा नियमित दिनचर्या के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों को दाँतों की सही प्रकार से सफाई करने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा शरीर को स्वस्थ एवं रोगमुक्त रखने के सरल और प्रभावी उपाय बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन हाथ धोने, साफ-सफाई रखने तथा स्वच्छ वातावरण में रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ. करतार सिंह जाखड़ ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता तथा अनुशासित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय परिवार ने चिकित्सा दल का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों ने स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवन अपनाने का संकल्प लिया।

# जनकल्याण से जुड़े कार्यों में अधिकारी लापरवाही नहीं बरतें : डीडीपीओ

■ अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता को फोन कर उसकी समस्या का समाधान कर संतुष्ट करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने समस्याएं सुनी।

डीडीपीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनकल्याण से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता को फोन कर उसकी समस्या का समाधान कर संतुष्ट करें। उन्होंने मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से फॉगिंग व कीटनाशक दवाइयों का छिडक़ाव करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार से स्थानीय लक्ष्मी नगर निवासी बिमला ने जमाबंदी में स्टे दर्ज करवाने, नंदगांव निवासी करणवीर ने गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल की जांच करवाने, बर्खा व कविता ने ऋण दिलवाने बारे, राजरानी ने वसीयतनामा पंजीकृत करवाने, गांव बीरन सरपंच सुल्तान सिंह ने रास्ते का निर्माण कार्य शुरू करवाने, वार्ड-25 के पार्षद विनोद ने रमेश चाट वाली गली में रुके हुए मेनहोल की सफाई करवाने की समस्या डीडीपीओ के समक्ष रखी।

### तिगड़ाना में गली से अवैध कब्जे हटवाने की मांग

डीडीपीओ सोमबीर कादयान के समक्ष गैर सरकारी सदस्य नरेंद्र शर्मा ने तिगड़ाना गांव में गली से अवैध कब्जे हटवाने, सुनील ने शहर में बेसहारा गायों और नंदियों को गौशाला में छुड़वाने, गांव ढ़ाणा नरसाण निवासी जितेंद्र ने घरेलू बिजली कनेक्शन दिलवाने, सेक्टर-23 निवासी सुरेश ने पुलिस कारवाई करवाने, गांव मिताथल निवासी सर्वेंद्र ने बिजली केबल को दुरुस्त करवाने, गांव जताई निवासी दलबीर ने पुरानी पेयजल लाइन बदलवाने, गांव खेड़ी दौलतपुर निवासी सतीश ने राजस्व रिकॉर्ड ठीक करवाने, गांव गुजरानी निवासी गजराज ने सडक़ के बीच खड़े बिजली पोल व ट्रांसफॉर्मर को शिफ्ट करवाने तथा जागृति कॉलोनी निवासी ऋषिकेश ने गली पक्की करवाने और सीवरेज व पेयजल लाइन बिछवाने, सतवीर ने धारेड़ू माइनर के मोगा की निर्माण सामग्री की जांच करवाने, ढ़ाणा रोड़ निवासी सुरेश सैनी ने मच्छरों की रोकथाम के लिए फॉगिंग करवाने संबंधित समस्या रखी।

### नि:शुल्क कैंप में 200 लोगों ने शुगर और बीपी की जांच करवाई



भिवानी। बाबू रामभजन अग्रवाल की 14वी पुण्य तिथि पर निशुल्क बीपी व शुगर चेक कैंप का आयोजन चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क मे किया गया, जिसमें 200 लोगों ने अपना बीपी व शुगर निशुल्क जांच करवाया। श्री गोशाला ट्रस्ट भिवानी में गौ स्वामणि, चारा विचरण तथा पौधरोपण का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर नरेश (मीनू) अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय पूर्व मन्त्री बाबू रामभजन अग्रवाल का जीवन संघर्षों से गुजरा तथा संघर्षो से लड़ते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। उन्होंने अपने जीवन में फर्श से अर्श तक का जीवन बडी सादगी से निर्वाह किया था ऐसी चन्द जीवात्माए होती है जो कर्म,सेवा व मेहनत के बलबूते पर पुरुष से युग पुरुष बना देती हैं।

# कादमा में जिला स्तरीय वन महोत्सव में डॉ. अरविंद शर्मा ने किया पौधरोपण

■ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंत्री ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। गांव कादमा में पौधारोपण करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, विधायक सुनील सांगवान, विधायक उमेद पातुवास।

जिले के गांव कादमा में वीरवार को जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के सहकारिता एवं जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया तथा विशिष्ट अतिथि विधायक उमेद पातुवास, विधायक सुनील सांगवान एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने भी पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान और सम्मान लगातार बढ़ा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद दादरी विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने कहा कि रोहतक की सुनारिया जेल में सुपरिटेंडेंट पद पर रहते हुए उन्होंने मियावाकी पद्धति से पौधारोपण की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि यह पद्धति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी एक ड्रीम प्रोजेक्ट है।

### बीके वमावि में एक पेड़ मां के नाम पर कार्यक्रम का आयोजन



बवानीखेड़ा। बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान वर्ष 2026 में विश्व पर्यावरण दिवस से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा एक राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य माताओं के सम्मान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, एन.एस.एस. प्रभारी अमित कुमार एवं स्काउट्स एंड गाइड्स प्रभारी मीनाक्षी व सतेन्द्र गिल के नेतृत्व में विद्यालय प्रांगण एवं पुलिस स्टेशन, बवानी खेड़ा में पौधारोपण किया गया। पुलिस स्टेशन में पौधरोपण के दौरान एसएचओ. सुरेश कुमार, चेयरमैन सुंदर अत्री, उप निरीक्षक लाल सिंह मौजूद रहें। स्वयं सेवकों एवं स्काउट एंड गाइड्स ने पर्यावरण के प्रति संदेश दिया कि इस अभियान का लक्ष्य केवल वृक्षारोपण करना नहीं बल्कि लोगों में पर्यावरण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव पैदा करना है। इस अभियान के माध्यम से उन्होंने प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने जरूरी: सर्राफ

भिवानी। वन विभाग द्वारा गांव प्रेम नगर स्थित चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय परिसर में जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक घनश्याम सर्राफ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डीसी साहिल गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान वन विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में करीब 2200 पौधे लगाए गए, जिसमें विधायक सर्राफ, डीसी गुप्ता, विवि की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी, हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, विश्वविद्यालय की कुलसचिव भावना शर्मा, उप वन संरक्षक डॉ राजेश वत्स ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान करनाल के कुटेल में आयोजित प्रदेश स्तरीय वन महोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अपना संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक सर्राफ ने कहा कि मौजूदा समय में दिन प्रतिदिन पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने जरूरी हैं।



## वैश्य महाविद्यालय भिवानी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। वैश्य कॉलेज में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वैश्य महाविद्यालय, भिवानी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटीज एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गनाइजेशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ नरेंद्र चाहर,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. (डॉ.) कामना कौशिक तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहन लाल एवं कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया तथा विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. (डॉ.) कामना कौशिक ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक सरोकारों की भावना विकसित करना है।

## खबर संक्षेप

### महंत स्वरूपनाथ ने भंडारे का दिया न्योता

**भिवानी।** दिल्ली के गांव नांगलोई सैनी मोहल्ला स्थित श्रीहनुमान मंदिर सेवा समिति के महंत स्वरूपनाथ महाराज भिवानी पहुंचे। आईटीआई के सामने बडवाली सुरतामाई आश्रम में बालयोगी महंत जीतनाथ महाराज ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर आयुर्वेद में पीएचडी महंत स्वरूपनाथ महाराज ने 10 अगस्त को होने वाले विशाल भंडारे का निमंत्रण दिया।

### महाराजा अग्रसेन निःशुल्क वस्त्र सेवा केंद्र होगा शुरू

**भिवानी।** समाजसेवा क्षेत्र में नए-नए प्रोजेक्ट के माध्यम से श्रीअग्रसेन ट्रस्ट भिवानी ने आमजन की सेवा का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में बड़ी पहल करते हुए लोहड़ बाजार में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक में महाराजा अग्रसेन निःशुल्क वस्त्र सेवा केंद्र खोलने का निर्णय लिया।

### गुरु पूर्णिमा पर सत्संग व भंडारे का आयोजन

**भिवानी।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार रात्रि तोशाम-हांसी मार्ग पर विश्वास नगर में स्थित रविदास मंदिर में सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम मंदिर के महंत डॉक्टर सोनू महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित सत्संग में गायक कलाकारों द्वारा विभिन्न भजनों की प्रस्तुति दी गई।

### तितली एवं भद्रासन गर्भवती माता के लिए श्रेष्ठ : गजानंद

**बवानीखेड़ा।** योग हमें नियमित स्वस्थ रखने के साथ साथ हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ाने वाला होता है क्योंकि पहला सुख निरोगी काया है इसलिए हमें नियमित योग आसन प्राणायाम करने चाहिए उक्त कथन जिला भिवानी आयुष विभाग खण्ड बवानीखेड़ा के अंतर्गत आने वाले आयुष आरोग्य मंदिर सज्जनपुर के आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने जिला प्रशासन के नेतृत्व और जिला आयुर्वेद अधिकारी अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे तीन दिवसीय आंगनबाड़ी केन्द्र में मातृ शक्तियों को योग प्रशिक्षण शिविर में कहे।

### जेसीआई ने गो सेवा को बनाया स्थायी प्रोजेक्ट

**भिवानी।** जेसीआई भिवानी स्टार ने बेसहारा पशुओं और गौवंश की देखभाल के उद्देश्य से सराहनीय पहल कर नंदी सेवा-गौ सेवा को अपना स्थायी प्रोजेक्ट घोषित किया है। इसी कड़ी में संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने वीरवार को हालुवास गेट नन्दीशाला में गौवंश एवं नंदी महाराज के लिए गुड़, आटा तथा सवामणी की व्यवस्था की। उन्होंने सभागार में एसी भी दान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयनंदी महाराज, जय श्रीकृष्ण और जय गौमाता के जयकारों के साथ हुआ। संस्था सदस्यों ने नंदीशाला पहुंचकर गोवंश को अपने हाथों से चारा खिलाया।

### श्रावण माह के पहले दिन बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे छोटी काशी के शिवालय

# श्रावण माह में 23 वर्ष बाद बन रहा नाग पंचमी एवं सोमवार का दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- श्रद्धालुओं ने पूजन कर भगवान शिव का किया जलाभिषेक, परिवार की सुख-समृद्धि की मांगी कामना

श्रावण महीना गुरूवार 30 जुलाई से श्रवण नक्षत्र एवं आयुष्मान योग के अत्यंत मंगलकारी संयोग में शुरू हो रहा हैं, जिसका समापन 28 अगस्त शुक्रवार को श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) के दिन होगा। लगभग 23 वर्ष बाद श्रावण माह में नाग पंचमी एवं सोमवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है। श्रावण माह में चार सोमवार हैं, जिनमें श्रद्धालु उपवास एवं शिवलिंग का पूजन कर भगवान शिव को प्रसन्न करेंगे और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। श्रावण माह भगवान शिव को अत्यंत प्रिय होता हैं, क्योंकि समुंद्र मंथन के दौरान निकले विष को भगवान शिव ने ग्रहण किया था तो देवताओं ने उस विष की अग्नि को शांत करने के लिए गंगाजल चढ़ाया था, इसीलिए श्रावण माह में शिवभक्त व्रत व शिवलिंग पूजन करके भगवान शिव को प्रसन्न करते हैं और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हैं। श्रावण माह के पहले दिन छोटी काशी में जोगीवाला शिव मंदिर, बाबा जहरगिरी आश्रम, हनुमान ढाणी मंदिर शिवालय व श्योलाल पुरी मंदिर सहित अनेक शिवालयों में शिवभक्तों ने कतारबद्ध खड़े होकर जलाभिषेक किया। उल्लेखनीय हैं कि 30 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावण माह में अत्यंत शुभ चार सावन सोमवार आएंगे, जिसमें 3 अगस्त को प्रथम सावन सोमवार के दिन हंसराज योग, सुकर्मा योग, धृति योग तथा सर्वार्थ सिद्धि योग का अत्यंत शुभ एवं दुर्लभ संयोग बन रहा है, ये दिन भगवान शिव की पूजा, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र जप, शिव चालीसा पाठ एवं दान-पुण्य के लिए विशेष फलदायी माना गया है। इस बार श्रावण का महीना श्रवण नक्षत्र एवं आयुष्मान योग में शुरू हो रहा हैं। इसमें सोम-प्रदोष व्रत का विशेष संयोग बन रहा हैं। वहीं लगभग 23 वर्ष बाद श्रावण माह में नाग पंचमी एवं सोमवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है।

#### ऐसे करें श्रावण के सोमवार का व्रत

केएल ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषाचार्य पंडित विजय शास्त्री ने बताया कि श्रावण माह में तीन अगस्त को पहला, 10 अगस्त को दूसरा, 17 अगस्त को तीसरा व 24 अगस्त को अंतिम चौथा सोमवार हैं, जिस दिन श्रद्धालु उपवास रखते हैं। श्रावण सोमवार का व्रत रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर स्नान कर साफ कपड़े पहनने चाहिए। बाद में घर के पूजा स्थान या मंदिर की साफ-सफाई कर भगवान शिव की पूजा विधि-विधान से करके शिवलिंग पर अभिषेक करना चाहिए।

#### श्रावण माह में हरिद्वार, गोमुख एवं गंगोत्री से गंगाजल लाते कांवडियेः महंत वेदनाथ

महंत वेदनाथ ने कहा कि श्रावण माह में बहुत अधिक मात्रा में कावड़ चढती हैं। कावड़िये हरिद्वार, गोमुख, गंगोत्री से पैदल गंगाजल लेकर आते हैं और मंदिर में चढ़ाते हैं। भगवान शिव का नाम नीलकंठ है, जिन्होंने समुद्र मंथन के समय निकले जहर का पान किया, जिसकी अग्नि शांत करने के लिए देवताओं ने भगवान शिव को गंगाजल चढ़ाया था। श्रावण माह में छोटी काशी के शिवालयों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों की जबरदस्त भीड़ उमड़ती हैं और शहर के शिवालय बम-बम के जय-जयकारों से गूज उठते हैं।


चरखी दादरी। बड़ा शिव मंदिर में जलाभिषेक करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

#### श्रावण में शिवभक्ति से गूंजा बड़ा शिव मंदिर, रुद्राभिषेक के साथ शिव महापुराण कथा

**चरखी दादरी।** श्रावण मास के अवसर पर दादरी के भगवान परशुराम चौक स्थित बड़ा शिव मंदिर में हर-हर महादेव के जयघोष और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक कर प्रदेश, देश और विश्व के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। मंदिर पहुंचने पर बड़ा शिव मंदिर सेवा समिति के प्रधान रमेश फोगाट, पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने डॉ. शर्मा का अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश शास्त्री ने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार रुद्राभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान बाढड़ा विधायक उमेद पातुवास, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर सहित अन्य अतिथियों का भी समिति सदस्यों ने सम्मान किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र समय माना जाता है। इस अवधि में श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई शिव उपासना होती हैं मनोकामनाएं पूर्ण।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

## आरपीएस में शपथ ग्रहण एवं अलंकरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आर .पी.एस. इंटरनेशनल विद्यालय भिवानी में विद्यार्थी परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण एवं अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आरपीएस धारूहेड़ा की प्राचार्या रमनप्रीत कौर उपस्थित रही। विद्यार्थी परिषद के सभी सदस्यों ने मार्च पास्ट के साथ उनका स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष सत्यनारायण मित्तल, प्रबंधक रामचंद्र मित्तल ,प्रशासिका दिव्या गर्ग, प्राचार्या कीर्ति आहूजा उपस्थित रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई । मुख्य अतिथियों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाई गई तथा पद सूचक प्रदान किए गए.प्रमुख छात्र के पद पर राघव,प्रमुख छात्रा के पद पर कमन, क्रीडा प्रमुख छात्रा साक्षी उप प्रमुख क्रीड़ा कुनाल, सांस्कृतिक क्लब कैप्टन पूर्वा वाइस कैप्टन जानवी, अनुशासन प्रमुख आध्या वह उप प्रमुख रोहन रहे । एस. रामानुजन सदन प्रमुख गायत्री ,उप प्रमुख हिमांशी, अब्दुल कलाम सदन से सदन प्रमुख खुशी उप प्रमुख इशिका, मदर टेरेसा सदन से सदन प्रमुख तनिष्का उप प्रमुख मोहित, कल्पना चावला सदन से सदन प्रमुख वंश उप प्रमुख रीत बागला ने शपथ ग्रहण की।

#### सुंदर प्रस्तुति दी

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के श्रृंखला में कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा समूहगान व कक्षा 9वी में 11वीं की छात्राओं द्वारा सामूहिक हरियाणवी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अपने कर्तव्य का निर्वहन साहस ,विश्वास और निष्ठा के साथ करने का संकल्प दिलाया। प्राचार्या कीर्ति आहूजा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर पूरे विद्यालय परिवार की ओर से उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि है पद केवल सम्मान ही नहीं बल्कि कर्तव्य ,सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक भी है जिसे सभी विद्यार्थी समर्पण भाव से निभाएंगे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया कार्यक्रम का मंच संचालन हिमांशी के सानिध्य में माहिका, दायशा व अनन्या ने किया ।

## कार्यशाला में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ और एईआरओ को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में पंचायत भवन में भिवानी और बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ एवं एईआरओ की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एसडीएम एवं भिवानी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी महेश कुमार की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में एसडीएम ने बताया कि मतदाता सूची का द्वितीय चरण 31 जुलाई से 30 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान मतदाता सूची का गहन सत्यापन किया जाएगा तथा नए मतदाताओं के नाम जोडने, त्रुटियों के सुधार एवं अन्य दावों-आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची की वास्तविकता ही लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है। निर्वाचन कार्यालय से निर्वाचन उप तहसीलदार रामफल एवं मास्टर ट्रेनर रवि कुमार ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि एक जुलाई 2026 को जिन नागरिकों की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है, उनका फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम अवश्य दर्ज कराया जाए।


भिवानी। एसआईआर कार्यशाला में जानकारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### निगरानी समिति की ऑनलाइन बैठक

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिवानी के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना–2022 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समीक्षा के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने जिले में हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र पीड़ित एवं उसके आश्रितों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचाया जाए। बैठक में एसडीएम भिवानी, एसडीएम तोशाम, एसडीएम सिवानी, एसडीएम लोहारू आदि रहे।

## एसआईआर के दूसरे चरण में सबकी अहम जिम्मेदारीः संदीप कुमार

- प्रशिक्षण में हर पहलु की जानकारी बारीकी से दी

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

एसडीएम कम 58 - तोशाम विधानसभा क्षेत्र के पंजीयन अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि मतदाता सूची में एसआईआर के दूसरे चरण में निर्वाचन आयोग द्वारा सबकी अहम जिम्मेदारी तय की गईं है। एसडीएम आज वीरवार को चौधरी बंसीलाल महिला महाविद्यालय के सभागार मे आयोजित सुपरवाइजर, बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव कानूनगो द्वारा बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर -2026 के अंतर्गत निर्देश दे रहे थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत जिन मतदाताओं के संबंध में सुनवाई निर्धारित की गई है, उन्हें संबंधित नोटिस बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक नोटिस वितरित करने के बाद उसकी जानकारी एवं वितरण का प्रमाण ऑनलाइन पोर्टल बीएलओ एप पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। मतदाता सूचि के दावे तथा आपत्तियां 31 जुलाई से 30 अगस्त तक की अवधि तक लिए जाएंगे और इस अवधि में ही दावे तथा आपत्तियो का निवारण किया जाएगा।


तोशाम। एसआईआर के तहत दिशा निर्देश देते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### गोगानवमी वार्षिक उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

**बहल।** श्री गोगानवमी वार्षिक उत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर 2 अगस्त को कस्बे के पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न जिम्मेदारियों पर चर्चा की जाएगी। कमेटी सदस्य डॉ. दयानंद जावला ने बताया कि इस वर्ष 4 सितंबर को गोगा जी महाराज का रात्रि जागरण, 5 सितंबर को श्री गोगाजी पूजन, विशाल कुश्ती दंगल एवं भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। 2 अगस्त को तैयारियों की बैठक होगी।

### चयनित किसान तीन तक आवश्यक दस्तावेज जमा करवाएं

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि वर्ष 2026-27 के दौरान समागम स्कीम के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों, जैसे रोटावेटर, लेजर लैंड लेवलर सहित अन्य कृषि उपकरणों पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति द्वारा 22 जुलाई को चयनित किसानों में से जिन किसानों ने 27 जुलाई तक अपने आवश्यक दस्तावेज सहायक कृषि अभियंता कार्यालय, भिवानी में जमा नहीं करवाए थे, उन्हें सरकार द्वारा अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। सभी चयनित किसान तीन अगस्त को दोपहर 12 बजे तक अपने सभी दस्तावेज जमा करवाएं।

## सीजेएम ने थाने का किया निरीक्षण

- बाल-अनुकूल विधिक सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के दिशा-निर्देशों तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दादरी देशराज चालिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की बच्चों के लिए बाल-अनुकूल विधिक सेवाएं योजना, 2024 के अंतर्गत मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दादरी संजीव काजला ने वीरवार को स्थानीय सिटी पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की बच्चों के लिए बाल-अनुकूल विधिक सेवाएं योजना 2024 का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को न्याय तक सरल, सुलभ और सम्मानजनक पहुंच उपलब्ध कराना है। इसके लिए पुलिस, न्यायिक संस्थाओं, बाल संरक्षण तंत्र और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बीच प्रभावी समन्वय आवश्यक है।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में बच्चों के लिए उपलब्ध बाल-अनुकूल सुविधाओं, निःशुल्क विधिक सहायता व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, बाल संरक्षण से जुड़ी प्रक्रियाओं तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई।


चरखी दादरी। पुलिस अधिकारियों से बात करते सीजेएम संजीव काजला।

## न्यूज डायरी

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**चरखी दादरी।** भीषण गर्मी के बीच सामाजिक कार्यकर्ता संजय रामफल ने जरूरतमंद छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-ठेला संचालकों को मिट्टी की सुराहियां वितरित कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। इस पहल का उद्देश्य दिनभर खुले आसमान के नीचे काम करने वाले मेहनतकश लोगों को प्राकृतिक रूप से ठंडा एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। संजय रामफल ने कहा कि गर्मी के मौसम में सड़क किनारे काम करने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मिट्टी की सुराही उनके लिए राहत का माध्यम बन सकती है।

### बेहतरीन उपलब्धियों के लिए प्रो. त्रिखा सम्मानित

**भिवानी।** हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचसीटीए) द्वारा वैश्य महाविद्यालय, भिवानी के उप प्राचार्य,डीन युवा कल्याण, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. धीरज त्रिखा की 37 वर्षों से अधिक की उल्लेखनीय शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक उपलब्धियों के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रमुख शिक्षाविदों, प्राचार्यों, प्राध्यापकों एवं एचसीटीए पदाधिकारियों ने भाग लेकर प्रो. त्रिखा के शिक्षा जगत में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटीज एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गनाइजेशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. नरेंद्र चाहर रहे। अध्यक्षता हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह ने की।

### गुरु व्यक्तित्व का निर्माण करता हैः नीतीश मिश्र

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के असेंबली ग्राउंड में बुधवार को गुरु पूर्णिमा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, लघु नाटक, कविता पाठ एवं भाषणों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों और अनुभवों के जरिए गुरु के प्रति सम्मान और भारतीय संस्कृति में उनके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य नीतीश मिश्र ने कहा कि शिक्षक और गुरु में अंतर होता है। शिक्षक विषयों का ज्ञान देता है, जबकि गुरु जीवन को सही दिशा देकर व्यक्तित्व का निर्माण करता है। उन्होंने भगवान शिव के आदि योगी स्वरूप का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान देकर गुरु-शिष्य परंपरा की नींव रखी।

### जिला स्तरीय खो-खो में गुरुकुल की टीमें प्रथम

**चरखी दादरी।** गांव डोहका हरिया स्थित चौधरी सूबे सिंह खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में आर्य हिन्दी संस्कृत महाविद्यालय गुरुकुल दादरी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खो-खो प्रतियोगिता के तीनों आयु वर्गों अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ गुरुकुल के खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में दादरी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। गुरुकुल के ऋतेश शास्त्री ने बताया कि संस्थान के खिलाड़ियों का प्रदर्शन लगातार सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने अंडर-14 वर्ग में द्वितीय तथा अंडर-17 वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। इस बार जिला स्तर पर तीनों वर्गों में जीत दर्ज कर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है।

### पॉलिटेक्निक के छात्रों का निजी कम्पनी में चयन

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल राजकीय पॉलिटेक्निक, भिवानी के फैशन विभाग के विद्यार्थियों का भारत की नंबर-1 गारमेंट कंपनी शाही एक्सपोर्ट्स, फरीदाबाद में शानदार चयन चौधरी बंसीलाल (सीबीएल) राजकीय पॉलिटेक्निक, भिवानी के फैशन डिजाइन एवं फैशन टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत की नंबर-1 परिधान निर्यात कंपनी शाही एक्सपोर्ट्स, फरीदाबाद के प्रोडक्शन विभाग एवं क्वालिटी विभाग में चयन प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**बनीं सहमति** सभी मांगों को पूरा करने का मिला भरोसा

# दादरी में 15 दिनों से जारी धरना समाप्त विधायकों के आश्वासन के बाद लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

दादरी जिले में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर स्थानीय किला मैदान में पिछले 15 दिनों से चल रहा धरना आखिरकार वीरवार को समाप्त हो गया।

दादरी के विधायक सुनील सांगवान और बाढड़ा के विधायक उमेद पातुवास ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से संवाद किया तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हुई बैठक और समाधान के बारे में विस्तार से अवगत कराया। जिसके बाद धरना कमेटी ने सर्वसम्मति से धरना समाप्त करने की घोषणा की।


चरखी दादरी। धरनास्थल पर लोगों को संबोधित करते विधायक सुनील सांगवान।

#### दिया आश्वासन

धरना स्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए दादरी विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि धरना समिति की मांगों को लेकर वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले थे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और कुछ प्रमुख मांगों को तुरंत स्वीकार करते हुए शेष मांगों को भी शीघ्रता से पूरा करने का ठोस आश्वासन दिया है। उन्होंने समिति के सदस्यों से आग्रह किया था कि सरकार को अपने वादे पूरे करने का समय दिया जाना चाहिए। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना लोकतंत्र की खूबसूरती है।